हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 10 मार्च 2025
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

12 नगरपालिका कोंडागांव के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ...

12 महिला के बिना समाज अधूरा, महिलाएं ही देश और ...


# ग्राम बालूद में मनाया गया नारी संकल्प और सफलता का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर महिला के गर्व एवं सम्मान का दिवस है। यह न केवल महिलाओं के सामाजिक आर्थिक राजनैतिक उपलब्धियों को रेखांकित करता है। उसके साथ-साथ महिलाओं के अहमियत को समझने और उनके प्रति जागरूक करने का भी दिवस है। यह हमें उन महिलाओं की भी याद दिलाता है जिन्होंने महिलाओं को हर क्षेत्र में सफल करने के लिए अथक प्रयास किए। जिसके बलबूते महिलाएं आधुनिक समाज में मां, बहन पत्नी, बेटी, के सभी रूपों में सफल है। इस क्रम में आज जिले के दंतेवाड़ा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत बालूद में जिला स्तरीय महिला समूह सम्मेलन सम्पन्न हुआ। इस मौके पर जिले के हजारों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर सम्मेलन में सहभागिता निभायी। इस दौरान राज्य महिला आयोग की सदस्य ओजस्वी मंडावी, जिला पंचायत सदस्य कमला नाग, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर और क्षेत्र के महिला जनप्रतिनिधियों सहित, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कार्यक्रम के दौरान दंतेश्वरी माँ की छायाचित्र पर दीप जलाकर एवं माल्यार्पण कर पूजा अर्चना कर शुरुआत की गई। इसके अलावा स्कूली बच्चों ▶▶| शेष पेज 12 पर

## महतारी वंदन योजना को भविष्य के निवेश और टिकाऊ आधार देने पर किया गया विमर्श

### आर्थिक निवेश का रूप देने पर विचार विमर्श

इसके साथ ही इस कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना को जिला प्रशासन की मंशानुरूप आर्थिक निवेश के रूप में बहुउपयोगी बनाने पर भी चर्चा किया गया। वक्ताओं ने अपना मत व्यक्त करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना मुख्यरूप से महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण का एक प्रयास है जिसके माध्यम से वे समाज की मुख्यधारा से जुड़कर अपने गांव और घर-परिवार की खुशहाली के लिये आगे आकर विकास में सहभागी बन रही है।



### उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान

महिला दिवस पर शिक्षा, पुलिस, महिला बाल विकास, सहित अन्य विभाग की 50 महिलाओं और बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र अतिथियों द्वारा दिए गए इनमें प्राविण्य सूची में आने वाली एवं स्व सहायता समूह की महिलाएं भी शामिल थी। साथ ही परियोजना स्तर पर अच्छे कार्य करने वाले महिला समूह को दस हजार रूपये के डेमो चेक भी दिया गया। इस क्रम में पुलिस विभाग से जानकारी दी गई कि महिला ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### 3 सवारी और हेलमेट नहीं पहनने वालों पर हुई कार्रवाई

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग में आड़ावाल के आगे ओरना कैम्प में यातायात पुलिस ने ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वाले दोपहिया वाहन चालकों पर जुर्माना ठोका। यातायात पुलिस के अधिकारी सुखदेव सिंह बघेल ने बताया कि लगातार सड़क दुर्घटनाओं में लोगों के घायल और मौत होने के बाद भी लापरवाही कम नहीं हो रही है। तेज रफ्तार वाहन चलाकर लोग खुद तो जख्मी हो रहे हैं और मौत के शिकार भी बन रहे हैं। बावजूद जो नियम का पालन करना चाहिए उसे नहीं अपना रहे हैं। हेलमेट पहनने से सिर की सुरक्षा रहती है। वहीं बाइक में 2 सवारी बैठना चाहिए जबकि 3 और अधिक सवारी के साथ लोगों को देखा जा रहा है। आज सुबह अभी तक 4 चालकों से 3100 जुर्माना वसूला गया और ट्रैफिक नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई।

### सर्व हिन्दू समाज की बैठक आज

**जगदलपुर।** शहर के शांतिनगर स्थित दुर्गा मंदिर में 10 मार्च की शाम 5 बजे सर्व हिन्दू समाज की बैठक रखी गई है। सचिव एल ईश्वर राव ने बताया कि बैठक में नये प्रबंधकारिणी गठन के संबंध में चर्चा पश्चात निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने इस आवश्यक बैठक में सभी से उपस्थिति का अनुरोध किया है।

### नक्सलियों द्वारा डंप की गई सामग्री गश्त के दौरान बरामद



**कोंटा।** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के दौरान जिला पुलिस बल, 203 कोबरा 241वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त ने नक्सलियों द्वारा डंप सामग्री को बरामद किया है। थाना चिंतलनार अंतर्गत नवीन कैंम्प गोमगुड़ा से जलेरगुड़ा जंगल क्षेत्र में सुरक्षाबल के जवानों को क्षति पहुंचाने की नीयत से रखे स्पाइक प्रिंटिंग प्रेस ठिकानें में सुरक्षा बलों ने दबिश देकर माओवादियों द्वारा छुपाकर रखे प्रिंटर, इन्वर्टर मशीन सहित अन्य नक्सली सामग्री बरामद किया है। अभियान पश्चात जवान सुरक्षित कैम्प वापस पहुंच गए हैं।

### टमाटर 10, मटर 80 रुपए किलो में बिका

**जगदलपुर।** साप्ताहिक बाजार में रविवार को टमाटर 10 रुपए किलो में बिका। इसके अलावा मटर 80, करेला 80, फूलगोभी 80, भिंडी 80, आलू 30, प्याज 40-50, अदरक 180, लहसून 250, लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रूपए में 13 झुड़ी बिका है।

## उपलब्धि : परिश्रम से मिला क्रिकेट का बड़ा मुकाम

# बस्तर की गुदड़ी के लाल रुद्रप्रताप का एमआरएफ में चयन, बनेगा गेंदबाज

अनिल सामंत ▶▶| जगदलपुर

बस्तर में गुदड़ी के लाल पलते हैं, इस कहावत को चरितार्थ किया है दंतेवाड़ा जिले के कटेकल्याण के रहने वाले रुद्रप्रताप देहारी ने। निरंतर अभ्यास और सही मार्गदर्शन हासिल हो जाने से रुद्र की परफारमेंस से आकर्षित होकर चयनकर्ताओं ने उनका नाम क्रिकेट के एमआरएफ पेस फाउंडेशन जैसे नामी ऐकेडमी में सलेक्ट किया है। जहां अंतराष्ट्रीय क्रिकेट के दिग्गज तेज गेंदबाज रहे ग्लेन मैग्राथ रुद्रप्रताप को ट्रेंड करेंगे।

रुद्रप्रताप अभी 17 वर्ष के हैं और वह 130 से 135 किमी की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहा है। चेन्नई में ट्रेनिंग के पश्चात गेंदबाजी की रफ्तार में और ग्रोथ होने की उम्मीद है। करत-करत अभ्यास के, जड़मति होत सुजान। हाड़तोड़ मेहनत और लगन के दम पर रुद्रप्रताप पहला मुकाम हासिल कर चुके हैं। विदित हो कि सुदूर आदिवासी बाहुल्य बस्तर से पहली बार एक आदिवासी युवा अपने योग्यता और दम से अंतराष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक चर्चित खेल क्रिकेट के विश्वशनीय एकेडमी एमआरएफ पेस फाउंडेशन में चयन होना किसी चमत्कार से कम नहीं है। इसके पीछे रुद्र की कड़ी मेहतन और समय पर उसे संभाग मुख्यालय जगदलपुर स्थित कालीपुर क्रिकेट एकेडमी में क्रिकेट प्रशिक्षक करनदीप और प्रदीप गुहा का सपोर्ट मिलने और कालीपुर टर्फ पिच पर नियमित अभ्यास करने के बाद उनकी प्रतिभा सामने आई।



■ आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज रहे ग्लेन मेग्राथ देंगे गेंदबाजी की ट्रेनिंग, चेन्नई जाएंगे

### रुद्र एक बेहतर गेंदबाज बन सकते हैं

बस्तर अंचल का एकमात्र टर्फ क्रिकेट ग्राउंड शहर से सटे कालीपुर स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस क्रिकेट ग्राउंड में पिछले डेढ़ साल से रुद्र को तेज गेंदबाजी का प्रशिक्षण दे रहे ट्रेनर करणदीप ने बताया कि रुद्र एक बेहतरीन गेंदबाज बन सकते हैं। उसे क्रिकेट के गेम में तेज गेंदबाजी का महत्व और गुर समझाना पड़ेगा। इसके साथ ही मन की हिचक मिटानी पड़ेगी। करण कहते हैं कि यह पहली उपलब्धि है। अपनी क्षमता के बल पर रुद्र काफी आगे तक जा सकता है।

### बस्तर में प्रतिभा की कमी नहीं

बस्तर के आदिवासी इलाके के बच्चों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरुरत है उनके टैलेंट को संवारने की और फिलहाल बस्तर क्रिकेट एकेडमी यह काम बखूबी कर रही है।

**-प्रदीप गुहा,** संचालक नेताजी सुभाषचंद्र बोस क्रिकेट स्टेडियम

# प्री होली इवेंट पर प्रतिबंध लगाने सक्षम ने दर्ज कराई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

होलिका दहन से पूर्व प्री होली जैसे इवेंट पर प्रतिबन्ध लगाने सक्षम ने शनिवार को कोतवाली थाना मे शिकायत दर्ज कराई। सक्षम की शिकायत पर होली के अवसर पर होने वाले आयोजनों को निरस्त कर दिया गया है।

सनातन क्षेत्रीय मंच के सयोंजक अविनाश सिंह गौतम ने बताया कि होली के अवसर पर होने वाले प्री इवेंट पर रोक लगाने की मांग की गई। सक्षम की मांग पर कोतवाली पुलिस ने आश्वस्त किया कि इस तरह के आयोजनों को निरस्त किया जाएगा इसके लिए आयोजनकर्ताओं से चर्चा कर आयोजन नहीं कराने कहा गया है। सक्षम सयोंजक ने दर्ज शिकायत में बताया कि होली का त्यौहार हिन्दुओं की आस्था का पर्व है जिसे विधि विधान एवं पूजा पद्धति के साथ होलिका दहन के पश्चात बनाया जाता है। लेकिन कुछ इवेंट वाले



होलीका दहन से पूर्व ही होली खिलाकर होली के त्यौहार से जुडी आस्था के साथ खिलवाड़ करने का प्रयास कर रहे है। होली के त्यौहार से जुड़ी किसी भी प्रकार के इवेंट को होली के त्यौहार के बाद किया जाना चाहिए। केवल हिन्दुओं के त्यौहार को प्रीहोली, प्री दीपावाली बनाकर त्योहारों के मूल उद्देश्य व आस्था से युवाओं को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। सक्षम के युवाओं ने कहा कि इस प्रकार के इवेंट सनातन संस्कृति को धूमिल करने के लिए एक षड्यंत्र के रूप मे किया जाता है। ऐसे इवेंट समाज के लिए और सनातन संस्कृति दोनों के लिए खतरा हैं जिसे तत्काल ▶▶| शेष पेज 12 पर

### जनपद सदस्य के रूप में दूसरी बार ली शपथ



दंतेवाड़ा। कुणाल ठाकुर ने जनपद सदस्य के रूप में दूसरी बार जनपद कार्यालय के सभागार में शपथ ग्रहण किया। उन्होंने जनता व शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया। कुल 10 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे, कुणाल ने 646 मतों की लीड ली। उन्होंने कहा इस बार भी जनपद उपाध्यक्ष बनने से वंचित होना पड़ा है। शायद भविष्य में कुछ और अच्छा होना होगा मेरे साथ, इसी विचार के साथ संतुष्ट हो जाता हूं।

# जान से मारने की धमकी दे रहे स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ कर्मचारियों पर चारित्रिक टिप्पणी करते हुए कर रहे बदनाम

स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष द्वारा पहले तो संघ के कार्यालय का हवाला देकर अनावश्यक रूप से दबाव बनाने के लिए पुलिस का सहारा लिया गया और फिर जान से मारने की धमकी देते हुए महिला कर्मचारियों पर चारित्रिक टिप्पणी करते हुए उन्हें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। इसकी शिकायत सभी पदाधिकारी द्वारा प्रदेश के उच्च पदाधिकारी से की गई है पर आज तक ना तो उन पर कोई कार्रवाई की गई है और ना ही नोटिस थमाया गया है। संघ के जिला अध्यक्ष अजय परिहार द्वारा किए जा रहे मनमानी और अधिकारी, कर्मचारियों पर दादागिरी का उल्लेख करते हुए संघ के प्रदेश पदाधिकारी पद से हटाने की मांग की गई है। यह बातें रविवार को पत्रवार्ता में प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव शकील खान के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री नेत्र सहायक अधिकारी प्रकोष्ठ हनुमंत राव, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की सदस्य स्मृता कच्छ, रीमा दानी, हालधर सिंह नाग ने कही। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष द्वारा कर्मचारियों की रक्षा तो दूर नहीं की जा रही है बल्कि संघ का नाम लेकर खुद अपने शासकीय कर्तव्य का निर्वहन नहीं करते हुए अधिकारी, कर्मचारियों पर दबाव बनाकर और उन्हें डरा धमकाकर अपना व्यक्तिगत स्वार्थ सिद्ध करने में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि जिला अध्यक्ष के खिलाफ पुलिस थाना में शिकायत की पर इस पर कोई नहीं हुई है।



### हरिकथा संकीर्तन होगा आज व कल

**जगदलपुर।** बस्तर ब्लॉक के फरसागुड़ा भानपुरी में 10 और 11 मार्च को हरिकथा संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। ब्रम्हलीन बलीराम कश्यप की स्मृति में कश्यप परिवार द्वारा आयोजित धार्मिक कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। जहां विभिन्न क्षेत्र से पहुंचे रामायण मंडली और सत्संग समिति द्वारा जीवंत प्रस्तुती दी जाएगी। गौरतलब है कि राजनिति में धाकड़ नेता के रूप में चर्चित रहें बलीराम कश्यप को आज भी लोग याद करते हैं। इस आयोजन में भानपुरी क्षेत्र के अलावा समुचे बस्तर संभाग और छत्तीसगढ़ के अन्य क्षेत्रों एवं ओडिशा से भी लोग आकर उन्हें याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। कश्यप परिवार उनके स्वर्गवास के बाद से लगातार हर साल उनकी याद में धार्मिक आयोजन करते आ रहा है।



महापौर ने किया निरीक्षण, फिर हुआ प्रथम, द्वितीय निर्णय

# वाहन पर चिपकाए बेहतर स्लोगन और की सजावट, विजेता पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ रैली का उद्देश्य यातायात नियमों और व्यवहार के प्रति लोगों को प्रेरित करना : डॉ. सरिता

इनरव्हील क्लब द्वारा रविवार सुबह कार रैली का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महापौर संजय पाण्डे रहे। स्पर्धा में कुल 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी ने अपने कार में स्लोगन का स्टीगर लगाया था। साथ ही अपने अपनी कारों को बेहतर तरीके से सुसज्जित किया था। महापौर संजय पाण्डे ने कारों में चिपकाए गए स्लोगन और सजावट का निरीक्षण किया। इसके आधार पर ही प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। क्लब की अध्यक्ष डॉ. सरिता मनोज थॉमस ने बताया इस रैली का उद्देश्य महिलाओं के सामाजिक मुद्दों के लिए जागरुकता फैलाना तथा यातायात नियमों और व्यवहार के प्रति लोगों को प्रेरित करना है। संजय पाण्डे ने हरी झंडी दिखाकर कार रैली को रवाना किया। महापौर संजय पाण्डे के हाथों प्रथम पुरस्कार पिंकी, द्वितीय पुरस्कार पूर्वा कपूर, तृतीय पुरस्कार कंचन को दिया गया। इसके साथ ही कार सज्जा व स्लोगन के लिए भी सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में नगर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, पार्षद निर्मल पाणिग्रही, मनीषा राजपुरिया, ममता राणा, रेशमा चामड़िया, ज्योति चिखलीकर, दीपिका सोनी, निशा संघाणी, नूतन जैन, विजय लक्ष्मी महावार, अलका गुप्ता, कुसुम हेलीवाल ,स्वाति मूलचंदानी, माया सोनी, नीता जलोटा, अरुणा जोबन पुत्रा, मनोज थॉमस, विवेक सोनी, विवेक जैन सहित क्लब के मेंबर उपस्थित रहे।

## एक दिन नहीं, प्रतिदिन होनी चाहिए नारियों का सम्मान

# दान- धर्म का उद्देश्य परोपकार होना चाहिए, दिखावा नहीं : तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ मां दंतेश्वरी मंदिर में चल रहे श्रीमद् देवी भागवत महापुराण का पांचवां दिन

मां दंतेश्वरी मंदिर में चल रहे श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के पांचवें दिन रविवार को मां शाकंभरी और सूर्यवंशी राजाओं की कथा का वाचन करते आचार्य पंडित कृष्ण कुमार तिवारी ने कहा कि देवी की कृपा से अन्न- धन है तो दान - धर्म करना भी सीखिए। दान धर्म करना दिखावा नहीं। इसका उद्देश्य परोपकार होना चाहिए। सुहागन स्त्री का एक ही धर्म है। मन, कर्म और वचन से पति से प्रेम कीजिए। पति से श्रेष्ठ कोई दूसरा पुरुष नहीं है। आजकल संयम और समन्वय का अभाव बढ़ा है इसलिए संबंध विच्छेद अर्थात तलाक ज्यादा हो रहे हैं। याद रहे आपके पिछले कर्मों के आधार पर पति मिले हैं। इसे समझें।यह पुनर्जन्म और पितरों को मानने वाला देश है। पत्नी पति को तारने वाली होती है। श्रीमती में श्री का अर्थ लक्ष्मी और मती का अर्थ सरस्वती है। इसलिए पति को भी चाहिए कि वह श्रीमती का सम्मान करें। एक दिन महिला दिवस मनाने से कुछ नहीं होता। महिला का सम्मान रोज होना चाहिए। श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के दौरान मां शाकंभरी की प्रेरक कथा का वर्णन आया। दुर्गम नामक राक्षस सभी साधु- संतों से वेद-मंत्र आदि छीन लिया था। साधु- संतों ने अपने स्तर पर देवी का आव्हान किया। सैकड़ो वर्षों बाद जब देवी प्रकट हुई और धरती की स्थिति देख व्याकुल हुईं। उसके शरीर में हजारों आँखें उभर आई। इन आंखों से लगातार अश्रुधारा बहने लगी। जिससे धरती में साग सब्जी उपजने लगे, तत्पश्चात मां शाकंभरी ने दुर्गम का वध कर वेद मंत्रों की रक्षा की। यही देवी शताक्षी के नाम से भी विख्यात है। उल्लेखनीय है कि बस्तर का एकमात्र शाकंभरी माता मंदिर जगदलपुर में इंद्रावती नदी किनारे खड़कघाट में है। आचार्य ने कहा कि भोजन करने के पहले मां अन्नपूर्णा और माता शाकंभरी का स्मरण जरूर करना चाहिए।



### दंतेश्वरी चालीसा का पाठ

श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के तहत प्रतिदिन अनुष्ठान स्थल में मां दंतेश्वरी चालीसा का नियमित सस्वर पाठ भी हो रहा है। शनिवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव भी चालीसा पाठ में शामिल हुए तथा आचार्य सहित संगीतकारों को वस्त्र भेंट किए।

### स्कंधमाता की निकाली पालकी

श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के पांचवें दिन देवांगन समाज द्वारा मां स्कंदमाता की पालकी को नगर भ्रमण कराया गया। मांईजी की पालकी पैलेस रोड होते हुए दंतेश्वरी मंदिर पहुंची। यहां महाआरती पश्चात प्रसाद वितरित किया गया।

### आज के अनुष्ठान

श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के तहत 10 मार्च को दंतेश्वरी चालीसा, मां कात्यायिनी महात्म, श्री राधारानी की कथा, मां कथा सुनाई जाएगी। इसके साथ मां कात्यायनी की छठवीं पालकी नगर भ्रमण करेगी।

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9149027841

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप



### मोहलई में सर्वसम्मति से निर्विरोध चुने जनप्रतिनिधि

**कोण्डागांव।** ग्राम पंचायत मोहलई ने इस बार लोकतंत्र की नई मिसाल कायम की है। पूरे गांव के सामूहिक निर्णय और सौहार्दपूर्ण वातावरण में पंचायत चुनाव बिना किसी विवाद के संपन्न हुआ। गांववासियों ने सर्वसम्मति से सरपंच, उपसरपंच और 10 वार्ड पंचों का निर्विरोध चयन कर आपसी एकता और समझदारी का परिचय दिया। पिछली पंचायत चुनावों में गांव में वाद–विवाद और आपसी मतभेद के कारण विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न होती रही थी। लेकिन इस बार सभी ग्रामीणों ने मिलकर ऐसा रास्ता अपनाया जिससे गांव में शांति और प्रगति बनी रहे। सभी जाति– वर्गों के लोगों ने एक साथ मिलकर धार्मिक स्थल भागवत खंबा में बैठक आयोजित की और पारस्परिक सहमति से अपने जनप्रतिनिधियों का चयन किया। ग्रामवासियों का कहना है कि यह कदम गांव में सौहार्द और विकास को गति देगा। निर्विरोध चुनाव से अब पंचायत सुचारू रूप से कार्य कर सकेगी और गांव के हित में फैसले लेने में अधिक पारदर्शिता और सहयोग रहेगा।

### विश्रामपुरी में जपं अध्यक्ष वा उपाध्यक्ष चुनाव की तारीख बदली, कांग्रेस ने दिया धरना



**केशकाल।** केसकाल अनुविभाग के विश्रामपुरी में जनपद पंचायत के अध्यक्ष वा उपाध्यक्ष चुनाव की तारीख बदलने के खिलाफ में ब्लॉक कांग्रेस ने पूर्व विधायक संतराम नेताम का नेतृत्व में चक्काजाम कर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है।

### महिला कृषक उद्यमियों का किया गया सम्मान

**कांकेर।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर तथा कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग द्वारा कृषक संगोष्ठी का आयोजन जनपद पंचायत अध्यक्ष पूर्णिमा कावड़े के मुख्य आतिथ्य एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष तारूणी ठाकुर की अध्यक्ष में किया गया। महिला स्व सहायता समूहों ने अपने कार्यो तथा उपब्धियां साझा किये तथा परिचर्चा कर तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रगतिशील महिला किसान पावर्ती मरकाम ग्राम बेवरती, इन्दु दीनकर ग्राम सिंगारभाट, शबीरा कोर्राम ग्राम चोरिया को सम्मानित किया गया।

# नगरपालिका कोंडागांव के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों ने ग्रहण किया शपथ

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नगरपालिका परिषद कोंडागांव के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और 22 वार्डों के पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। समारोह का आयोजन स्थानीय बालक छात्रावास प्रांगण में किया गया। जहां प्रशासक ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरपति पटेल को पद और संविधान की शपथ दिलाई। इसके बाद सभी पार्षदों ने भी अपने पद की शपथ ली। कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम समेत कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह ने इस अवसर पर नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में सुशासन व विकास को गति मिली है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में किसानों, तेंदूपत्ता संग्राहकों और महिलाओं के हित में कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बस्तर क्षेत्र में शांति और विकास तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2026 तक नक्सलवाद समाप्त करने का संकल्प लिया गया है। जिससे यह क्षेत्र पूरी तरह विकास के नए युग में प्रवेश करेगा। इस अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, जगदलपुर महापौर संजय पांडे, पूर्व विधायक सुभाऊ कश्यप और सेवकराम नेताम समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



### स्थानीय नेतृत्व ने विकास कार्यों को सराहा



कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. रमन सिंह के प्रयासों से ही कोण्डागांव जिला बना। आज यह क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए

## श्यामपुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया

# महिला के बिना समाज अधूरा, महिलाएं ही देश और समाज के उत्थान की आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ नारी सशक्तिकरण रैली निकाली गई

सीजी गर्ल्स बटालियन और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्यामपुर के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रश्मि चंद्रवंशी व्याख्याता शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय श्यामपुर रहीं। अध्यक्षता श्रीमती रेवती पटेल तृतीय श्रेणी कर्मचारी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती गीता ठाकुर व्याख्याता उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारत माता के छायाचित्र की पूजा–अर्चना से हुआ। इसके बाद गांव में नारी सशक्तिकरण जागरुकता रैली निकाली गई। जिसे मुख्य अतिथि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ और माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। अपने संबोधन में सुश्री रश्मि चंद्रवंशी ने महिलाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक और सामाजिक विकास की ओर ध्यान देने की अपील की। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षता कर रही श्रीमती रेवती पटेल ने कहा कि आज की महिलाएं वैज्ञानिक, राजनेता, खिलाड़ी जैसे क्षेत्रें में देश को गौरवान्वित कर रही हैं। विशिष्ट अतिथि श्रीमती गीता ठाकुर ने कहा कि महिला के बिना समाज अधूरा है। महिलाएं ही देश और समाज के उत्थान की आधारशिला होती हैं। केयरटेकर सुश्री मुस्कान गुप्ता ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे नारी शक्ति और समानता का प्रतीक बताया।




### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अनूप कुमार विश्वास, मार्गदर्शक श्यामलाल नेताम, व्याख्याता भारत राम मंडावी, चंदन नीमोचा, राजेश नेताम, सुशील सिंह, अनिल पैकरा, सहदेव सिदार सहित अन्य शिक्षक–शिक्षिकाएं और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी और समस्त स्टाफ के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समस्त नारी शक्तियों के योगदान की सराहना की गई और उन्हें सम्मानित किया गया।

## गुण्डाधुर महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजन

■ रंगोली, व्यंजन प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़, मटका फोड़ और तात्कालिक भाषण जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन

कोंडागांव के शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन छात्रओं व महिला स्टाफ के लिए रंगोली, व्यंजन प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़ मटका फोड़ और तात्कालिक भाषण जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंग्रेजी विभागाध्यक्ष रूपा सोरी ने की, जबकि मुख्य अतिथि समाजसेविका ननकी वैष्णव और विशिष्ट अतिथि सावित्री कोर्राम व जयमति नेताम उपस्थित रहीं। प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य अतिथि श्रीमती वैष्णव ने महिलाओं के संघर्ष व सशक्तिकरण पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि मधुबाला शील ने छात्रओं की समस्याओं पर चर्चा की और जयमति नेताम ने महिला स्वास्थ्य व शिक्षा पर जोर दिया। छात्रओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं जिसमें डॉ. करुणा जोशी ने कोमल है कमजोर नहीं गीत प्रस्तुत किया।



### प्रतियोगिताओं में विजयी छात्रओं को सम्मानित किया

विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी छात्रओं को सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में महाविद्यालय के पुरुष प्राध्यापक शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अलका शुक्ला ने किया और आभार प्रदर्शन गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष नेहा बंजारे ने किया। महिला प्रकोष्ठ, गृह विज्ञान विभाग और आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राध्यापिकाएं, अतिथि व्याख्याता, कर्मचारी और छात्रएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

## जल जीवन मिशन द्वारा महिला जल जन जागरूकता अभियान का आयोजन




■ महिला दिवस के अवसर पर विशेष आयोजन

महिला दिवस के उपलक्ष्य में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जल जीवन मिशन द्वारा कोंडागांव जिले में एक विशेष अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें गांव की महिलाओं ने जल संरक्षण और स्वच्छता पर महत्वपूर्ण चर्चाएँ की। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को जल संसाधनों के महत्व और संरक्षण के उपायों के प्रति जागरुक करना था। यह अभियान राज्य स्तर पर आयोजित किया गया था और इसका मुख्य उद्देश्य महिला शक्ति से जल शक्ति के सिद्धांत को बढ़ावा देना था। अभियान का उद्देश्य यह था कि महिलाएं जल संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर जल संकट के समाधान में सक्रिय आगीदारी निभा सकें।

### अभियान के तहत उन सभी जल बहिनियों को सम्मानित

जन जीवन मिशन के तहत आयोजित इस जल चर्चा कार्यक्रम में गांव की जल बहिनियों ने रसोई के पानी के पुनः उपयोग, जल बचाने के तरीकों और जल को स्वच्छ रखने के विभिन्न उपायों पर अपने अनुभव और विचार साझा किए। महिला जल जन जागरूकता अभियान के तहत उन सभी जल बहिनियों को सम्मानित किया गया। जिन्होंने जल स्वच्छता और संरक्षण के कायोर् में सक्रिय रूप से भाग लिया था। उन्हें उनके योगदान के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने हल्बी भाषा में जान बचाने के लिए नारे भी लगाए, जिससे यह संदेश स्पष्ट रूप से गया कि जल का संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के लिए कितना महत्वपूर्ण है।

### जल को बचाने के उपायों को अपने जीवन में लागू करें

इस अवसर पर जिला आईईसी समन्वयक सुहानी बख्शी और जल जीवन मिशन से मितलेश ने भी अपना समर्थन व्यक्त किया और जल संरक्षण के विषय में अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए महिला शक्ति की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने महिलाओं को प्रेरित किया कि वे इस मिशन का हिस्सा बने और जल को बचाने के उपायों को अपने जीवन में लागू करें। जल बहिनियाँ द्वारा साझा किए गए विचारों और किए गए प्रयासों से यह स्पष्ट है कि महिलाएं जल संरक्षण के कायोर् में एक अहम भूमिका निभा रही है और उनका समर्पण आने वाले समय में जल संकट के समाधान में सहायक होगा। इस अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि यदि हर महिला जल संरक्षण के लिए सक्रिय कदम उठाए तो हम आने वाले समय में जल संकट से बच सकते हैं।



### उपसरपंच बनने पर निकला जुलूस, की मंदिर में पूजा

जगदलपुर। ग्राम पंचायत आड़ावाल के उपसरपंच बनने के बाद दिनेश जना के समर्थकों ने रंग गुलाल लगाकर तथा फूलमाला पहनाकर जुलूस निकाला। इसके बाद बजरंग बली मंदिर में पूजा अर्चना कर ग्राम विकास का संकल्प लिया। इस दौरान नवनिर्वाचित जनपद सदस्य अश्रीति राजेश शर्मा सरपंच जयंती कश्यप समेत बड़ी संख्या में भाजपा के नेता और कार्यकर्ता एवं ग्रामीण शामिल हुए।

## लुभा में पहली बार लगा रक्तदान शिविर, युवाओं ने दिखाया उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ 21 रक्तदाताओं ने दिया खून

माकड़ी विकासखंड के ग्राम पंचायत लुभा में पहली बार मेगा रक्तदान महादान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों सहित युवाओं ने जबरदस्त उत्साह दिखाया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लुभा में आयोजित इस शिविर में 21 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाजसेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती दुर्गा अनिल मरकाम, डॉ. ज्योति साहू बीपीएम, जिला अस्पताल कोंडागांव की लैब टीम, मितानिन समूह, और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लुभा के समस्त स्टाफ ने शिविर को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस ऐतिहासिक रक्तदान शिविर को लेकर युवाओं में जबरदस्त जोश देखा गया। सरपंच दुर्गा मरकाम ने कहा, रक्तदान महादान है। यह जरुरतमंदों की मदद करने का सबसे बड़ा अवसर है। सभी को निःस्वार्थ भाव से ऐसे पुण्य कार्यों में भाग लेना चाहिए। ग्राम पंचायत और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने सभी रक्तदाताओं की सराहना की है।

### इन्होंने किया रक्तदान

योगेंद्र पांडे, महेंद्र नेताम, गुरुचरण पांडे, श्रवण पांडे, सोनुराम नेताम, राजेश मरकाम, पूरन नाग, दिलीप मरकाम, सुबोध शोरी, प्रीतम प्रधान, प्रेमसिंह शोरी, हेमंत वर्मा, महावीर पांडे, सूरज मरकाम, सत्यप्रकाश मरकाम, चंद्रशेखर सोम, उमेश साहू, वीरसिंह नेताम, घासीराम पांडे, लखीलाल मरकाम सहित कुल 21 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

## भुमका में जानकी बाई तिवारी बनी उपसरपंच



■ जानकी बाई तिवारी अपने निकटम प्रतिद्वंद्वी से 2 वोट से जीता चुनाव

**फरसगांव।** जनपद पंचायत फरसगांव के ग्राम पंचायत भुमका में 08 मार्च शुक्रवार को उपसरपंच का चुनाव संपन्न हुआ। ग्राम भूमका के वार्ड क्रमांक 10 मिचीपारा से जानकी बाई तिवारी ने वार्ड पंच का चुनाव जीता, उनके साथ पंच चुनाव में दो और प्रत्याशीयों ने चुनाव लड़ा जिसमे जानकी बाई तिवारी अपने निकटम प्रतिद्वंद्वी से 2 वोट से जीते।

ग्राम पंचायत भुमका के कुल 10 वार्ड पंच है और एक सरपंच ने उपसरपंच पद के लिए मतदान किया। उपसरपंच पद के लिए दो प्रत्याशीयों ने चुनाव लड़ा, जिसमें जानकी बाई तिवारी को 8 वोट मिले और विपक्ष में धंनुराम निषाद को 03 वोट मिले। इस तरह जानकी बाई ने 5 वोटों से जीत हासिल कर उपसरपंच निर्वाचित हुए। जिसे पीठासीन अधिकारी ने जीत का प्रमाण पत्र दिया। जीत से जानकी बाई तिवारी के समर्थकों और परिजनों में खुशी का माहौल है। वहीं नवनिर्वाचित उपसरपंच जानकी बाई तिवारी ने कहा ग्राम विकास के लिए उनके द्वारा कार्य किया जाएगा, शासन की योजनाओं का लाभ ग्रामवासियों तक पहुचाना उनकी पहली प्राथिमकता रहेगी यह कहते हुए सभी ग्रामवासियों और समर्थकों को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## बड़ेराजपुर जनपद पंचायत में अध्यक्ष उपाध्यक्ष का हुआ चुनाव स्थगित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ कांग्रेस ने बीजेपी पर दबाव बनाने का लगाया आरोप

बड़ेराजपुर जनपद पंचायत में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए होने वाला चुनाव आज अचानक स्थगित कर दिया गया, जिससे राजनीतिक माहौल गरमा गया है। प्रशासन की ओर से चुनाव टालने का कारण एसडीएम द्वारा वीआईपी प्रोटोकॉल बताया गया। लेकिन कांग्रेस ने इसे भाजपा के दबाव में लिया गया फैसला करार दिया है। बता दे आज विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह का आगमन जिला मुख्यालय कोंडागांव में हुआ है। चुनाव स्थगित होने से नाराज कांग्रेस समर्थकों ने जनपद पंचायत के सामने धरना दे कर विरोध प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि भाजपा अपने समर्थन के लिए कांग्रेस के सदस्यों को तोड़ने का प्रयास कर रही है। जनपद पंचायत में कुल 17 सदस्य हैं। जिनमें से 10 कांग्रेस समर्थित और 7 भाजपा समर्थित हैं। भाजपा के लिए अध्यक्ष पद हासिल करने के लिए कम से कम दो सदस्यों को अपने पक्ष में लाना जरूरी है। कांग्रेस का दावा है कि भाजपा लगातार दबाव बनाकर कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्यों को अपने पक्ष में करने का प्रयास करेगी। इसी मंशा से चुनावी तिथि में परिवर्तन किया गया है।

### प्रशासन की सफाई और अगली चुनाव तिथि

इस बीच प्रशासन ने स्पष्ट किया कि चुनाव स्थगित करने का निर्णय वीआईपी प्रोटोकॉल के तहत लिया गया है लेकिन कांग्रेस इसे सिरे से खारिज कर रही है। पार्टी नेताओं का कहना है कि भाजपा को अपनी हार सुनिश्चित दिख रही थी इसलिए उसने प्रशासन के माध्यम से चुनाव को टालने का खेल खेला। अब यह चुनाव 13 मार्च को संपन्न होगा, लेकिन इससे पहले राजनीतिक सरगर्मी और उठापटक और तेज होने की संभावना है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही अपने–अपने अध्यक्ष उम्मीदवार को जिताने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे, जिससे आने वाले दिनों में सियासी हलचल और बढ़ सकती है।

## छात्रों में कुशलता बढ़ाने, शिक्षकों को नवीन प्रायोगिक शिक्षण विधियों पर दिया प्रशिक्षण

**कोण्डागांव।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत 3 से 5 मार्च तक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी भिलाई में तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से कुल 50 शिक्षकों ने भाग लिया। जिसमें कोंडागांव जिले से हीरा लाल चुरेंद्र, शासकीय उच्च प्राथमिक शाला डोंगरीपारा चिपावंड के शिक्षक ने जिले का प्रतिनिधित्व किया। प्रशिक्षण के दौरान, आईआईटी भिलाई के विषय विशेषज्ञ प्रोफेसरों ने प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किकता और गणितीय कुशलता विकसित करने के लिए नवीन प्रायोगिक शिक्षण विधियों पर प्रशिक्षण प्रदान किया। शिक्षकों को संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं का भ्रमण कराया गया, जहां उन्होंने अत्याधुनिक उपकरणों और चल रहे शोध कायोर् की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में आईआईटी भिलाई के निदेशक डॉ. राजीव प्रकाश और समन्वयक डॉ. महबूब आलम की विशेष उपस्थिति रही। प्रशिक्षित शिक्षकों ने नई शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में इस प्रशिक्षण को अत्यंत प्रभावी बताया और सीखी गई शिक्षण तकनीकों को अपने विद्यालयों में लागू करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने आईआईटी भिलाई और राज्य कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की।



## पेज 11 के शेष

### ग्राम बालूद में ....

के द्वारा स्वागत गीत और नृत्य प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर जिले के महिला जनप्रतिनिधियों ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि आज का दिन माताओं-बहनों के लिये गौरवान्वित होने का है, सभी लोग मिलकर इस महत्वपूर्ण दिवस को मना रहे हैं। जिससे महिलाओं को समाज में अपनी अहम भूमिका निभाने के लिये प्रेरणा मिलेगी। शासन इस क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध है और शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता हेतु प्राथमिकता के साथ पहल कर रही है। उन्होंने महिला समूहों की सहभागिता से संचालित सुपोषण अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अभियान के माध्यम से माताओं, बच्चों और किशोरी बालिकाओं को कुपोषण से मुक्त होने के साथ ही एनीमिया से भी मुक्ति मिलेगी।

### उत्कृष्ट कार्य करने ....

सुरक्षा, को ध्यान में रखते हुए पुलिस विभाग द्वारा अभिव्यक्ति एप्प का लांच किया गया है जिसे महिलाएं मोबाइल में डाउनलोड करके पुलिस सुरक्षा की आवश्यकता पड़ने पर सूचित कर सकती है।

### प्री होली इवेंट ....

बंद किया जाना चाहिए। सक्षम संयोजक ने बताया कि बजरंगदल व सक्षम द्वारा कोतवाली मे शिकायत के बाद प्रीहोली जैसे आयोजन पर जगदलपुर मे रोक लगा दी गई है।

खबर संक्षेप

## नाली हुई साफ पर कचरा नहीं उठा, लोग हो रहे परेशान



**परचनपाल।** नगर पंचायत बस्तर वार्ड क्रमांक 12 बाजार रोड में कई सालों के बाद सफाई हुआ है। सफाई करवाने के बाद रोड में कचरा फैला हुआ है। 2 दिनों से नाली का ढकन को तोड़ कर रोड में फैला दिया गया है। पिछले गुरुवार से सफाई शुरू करने के बावजूद सफाई अभी तक कंप्लीट नहीं हो पाया है। वाहनों से गुजरने वालों को इस सड़क पर जाम लगने से परेशानी हो रही है। वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद अंकित पारख का कहना है कि सफाई किया जा रहा है वर्कर की कमी है।

## एनसीसी कैडेट ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया



**भोंड।** छत्तीसगढ़ बालिका बटालियन एनसीसी परचनपाल के कमान अधिकारी कर्नल चंचल दास गुप्ता के मार्गदर्शन से एनसीसी संचालित संस्थाओं के 425 कैडेट्स ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। इसमें लेक्चर, रैली,पेंटिंग और रंगोली प्रतियोगिता करवाया गया। यह दिन महिलाओं के अधिकारों, समानता और नारी सशक्तिकरण के प्रति लोगों को जागरूक किया। ताकि वह स्वतंत्र रूप से निर्णय ले सके और समाज में अपने पूर्ण क्षमता से भागीदारी दिखा सके। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी और पीआई स्टाफ मौजूद रहें।

## मातृशक्तियों को किया गया सम्मानित



**बीजापुर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला प्रशासन एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा मातृशक्तियों के सम्मान में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रम बीजापुर शहर के हृदय स्थल सांस्कृतिक भवन मैदान परिसर पर आयोजित हुआ। इस अवसर पर एथलेटिक्स, 100, 400 मीटर लंबी दौड़, तवा फेक, व्हालीबाल, बैडमिंटन सहित रंगोली, मेहंदी इत्यादि विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं विभिन्न विभागों में कार्यरत मातृशक्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, नगरपालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। वहीं एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकसित समाज में महिलाओं के योगदान को विस्तृत रूप से बताया अतिथियों द्वारा इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता एवं महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

## महिलाओं ने पैसों की पाठशाला में जाना कैसे करें बचत, कहां करे निवेश

# पॉज बैंड की धुन पर जमकर थिरके कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- निशा स्वर फाउंडेशन ने महिला दिवस पर किया आयोजन





निशा स्वर फाउंडेशन ने महिला दिवस के मौके को बस्तर की महिलाओं के लिए खास बना दिया। जहां पैसे की पाठशाला के नाम से आयोजित सेमिनार में महिलाओं ने वित्त व्यवस्था को जाना वहीं महिला समृद्धि बाजार में जमकर अपने उत्पाद बेचे।

देर शाम आयोजित सुपर वूमेन सुपर पावर एंटरटेनमेंट प्रोग्राम के तहत रायपुर से आए पॉज बैंड ने अपने संगीत लहरियों से सभी महिलाओं को नाचने पर मजबूर कर दिया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत फाउंडेशन के कलाकार आदर्श तिवारी के मधुर गीत के साथ हुई। कुल मिलकर निशा फाउंडेशन ने महिला दिवस को महिलाओं के लिए विशेष स्वरूप देकर सबको आत्मविभोर कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत वीर सावरकर भवन में दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर विधायक किरण देव, महापौर संजय पांडे, श्रीनिवास राव मण्डी, सफ़रि साहू, सुधा मिश्रा, मनीषा सिंह सहित नगर निगम के पार्षदों ने अपनी उपस्थिति देकर आयोजकों एवं महिलाओं के उत्साह को दुगुना कर दिया। पूर्णतः निःशुल्क महिला समृद्धि बाजार में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और उनके उत्पादों की जमकर बिक्री हुई।

निशा फाउंडेशन की निशा नागवंशी और झरना मोहंती ने कहा कि कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं की उपस्थिति ने अवसर को खास बना दिया। समृद्धि बाजार में केक हाउस, महिलाओं के परिधान, चिकनकारी, विभान प्रकार की मोमबत्ती, मेहंदी, कस्टमाइज्ड गिफ्ट्स, नेल आर्ट जैसे बहुत से स्टाल लोगो को लुभा रहे थे। मितानिन बहनों के लिए बिल्कुल मुफ्त दुकानों में पोहा, राखियां बड़ी, आचार, चावल पापड़, गोगो, सलोनी और अन्य खाद्य सामग्री खरीदने सबसे ज्यादा भीड़ रही।

पैसों की पाठशाला वित्तीय साक्षरता सत्र के समाप्त होने पर सीए रजत सांखला ने उनसे कई सवाल किए जिसमें विजेता महिलाओं को कुकर, डिनरसेट जैसे सर्प्राइज गिफ्ट्स दिए गए। समाज प्रमुखों और अतिथियों के द्वारा महिलाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में ट्रस्टी सत्येंद्र पॉल सिंह, प्रयास चिखलीकर, गौरव राव, आदर्श मौर्य, नीलेश देवांगन, श्रीकांत, सार्थक, गीता नाग, हर्ष, रौनक, विशाल, मेघा, परिणीता, विवेक, अनुराग जोस, मोहित भंजदेव एवं तेजस जोशी के साथ फाउंडेशन के सदस्यों ने कड़ी मेहनत की।

# विद्युत तार के नीचे व ट्रांसफार्मर के पास न करें होलिका दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



रंगों का उत्सव होली को लेकर तैयारियां चल रही हैं। इसी बीच मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने सभी बिजली उपभोक्ताओं और आम नागरिकों से सुरक्षित होलिका दहन के लिए कहा। उक्त बातें कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर एवं अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम ने कही। साथ ही कहा कि बिजली के खंभे,

- लाइनों के नीचे होलिका दहन से दुर्घटना की संभावना रहती है

ट्रांसफार्मर या फिर बिजली की ऐसी लाइनें जिसमें विद्युत प्रवाहित होती है, उनके नीचे होलिका दहन न करें। लाइनों के नीचे होलिका दहन से दुर्घटना की संभावना सदैव बनी रहती है। विद्युत वितरण कंपनी ने सभी ग्रामीण एवं शहरी और ग्रामीण उपभोक्ताओं से कहा कि होलिका का आयोजन और होलिका दहन बिजली लाइनों से कुछ हटकर अन्य स्थान पर ही करें। आग की लपटों से एल्यूमिनियम तारों एवं बिजली केबल के गलने, जलने और टूटने की संभावना बनी रहती है। इनके टूटने या गिरने से कोई भी बड़ी अप्रत्याशित घटना घट सकती है।

### लाइन व उपकरणों से दूर रहें

कंपनी ने सभी बिजली उपभोक्ताओं एवं नागरिक बंधुओं से कहा कि होलिका दहन बिजली की चालू लाइनों, उपकरणों से दूर करें। लाइन के नीचे अथवा ट्रांसफार्मर के पास होलिका दहन करेंगे तो आग की लपटों से अल्युमिनियम तारों और केबिल के गलने, जलने और टूटने की संभावना बनी रहती है। ऐसे में तारों के टूटने या गिरने से कोई भी बड़े अप्रत्याशित घटना घट सकती है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर खेल स्पर्धा रहीं आकर्षण का केंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला पतंजलि योग समिति द्वारा कारली योग भवन में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्वती परिहार सामाजिक संगठन ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद गायत्री मंत्र उच्चारण एवं भारत माता और छत्तीसगढ़ी महतारी की आरती की गई।

मुख्य अतिथि पार्वती परिहार ने महिलाओं के अधिकारों, समाज में उनकी भूमिका और सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पतंजलि परिवार की बहनों ने भजन प्रस्तुत किए और विभिन्न सांस्कृतिक एवं योग गतिविधियों में भाग लिया। महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़ और चम्मच-कंचा दौड़ जैसी रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती पासवान मैडम ने किया। इस अवसर पर सभी मातृ शक्तियों का तिलक और चंदन लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में महिला पतंजलि जिला प्रभारी उर्मिला साहू का जन्मदिन भी बहनों द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस आयोजन में 50 से 55 महिलाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान पतंजलि परिवार से जुड़े रहने और नियमित योग करने का संदेश भी दिया गया।

## फागुन मेला के पांचवे दिवस में हुआ लम्हा मार की रस्म



**दंतेवाड़ा।** फागुन मेला के पांचवे दिवस में लम्हा मार रस्म का संपादन किया गया। जिसमें खरगोश के शिकार का प्रदर्शन किया जाता है। इसमें डोली वापसी के बाद साड़ी से ढकी हुई चांवल एवं चंदन की लकड़ी को दो टोकरी में भण्डारी एवं तुड़पा (सेवादार) लेकर रात्रि 11 बजे मोहरी बाजा की थाप पर बारह लंकवार, पड़िहार, मांझी-चालकी एवं सेवादार मेंढ़का डोबरा मैदान के देव विश्राम मंदिर में जाते है। इसके बाद बारह लंकवार में से ग्राम डेगलरास के गायता परिवार द्वारा पाण्डव मंदिर में रात्रि के 1 बजे लम्हामार रस्म हेतु गायता परिवार के सदस्य को लम्हा (खरगोश) के रूप में तैयार किया जाता है। जिसे लेकर मेंढ़का डोबरा मैदान के देव विश्राम मंदिर में पहुंचते है। जहाँ ग्राम नेटापुर का राजबड्डे एवं ग्राम कतियाररास का हेमला बड्डे द्वारा शिकार प्रदर्शन किया जाता है और लम्हा का शिकार किया जाता है। जिसके बाद सभी सदस्य माई जी मंदिर आते हैं एवं पुनः लम्हामार आखेट रस्म का प्रदर्शन किया जाता है। जिसके बाद आज का कार्यक्रम समापन किया जाता है। इसके साथ ही कल कोडरीमार का कार्यक्रम का रस्म होगा।

# अजजा शासकीय सेवक विकास संघ ने 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



छग अजजा शासकीय सेवक विकास संघ के बैनर तले शुक्रवार को सुकमा जिला संगठन ने मुख्य सचिव के नाम 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से संघ ने जिले की विभिन्न ज्वलंत मुद्दों की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए जल्द से जल्द निराकरण की मांग की है। जिला अध्यक्ष कोमल मरकाम ने बताया कि जिले में कई ऐसे मुद्दे हैं जिसको लेकर शासन-प्रशासन का ध्यान खींचने की प्रयास किया गया है। लंबे समय से समस्याओं का निराकरण नहीं होने की वजह से आदिवासी वर्ग के कर्मचारियों व विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नियम विरूद्ध पदोन्नति की कार्यवाही को तत्काल निरस्त किया जाए और पूर्व की तरह पदोन्नति में आरक्षण तत्काल शुरू किया जाए। अजजा वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिए 2.50 लाख की आय सीमा को तत्काल हटाया जाए। उच्च स्तरीय छानबीन समिति में फर्जी प्रमाण पत्र धारियों का प्रमाण पत्र फर्जी पाए जाने के बाद भी कानून की आड़ में कोर्ट से स्टे लेकर नौकरी कर रहे हैं। ऐसे लोगों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। आदिवासी बाहुल्य जिले के सभी विभागों में तृतीय व चतुर्थ वर्ग के पदों पर शत-प्रतिशत भर्ती स्थानीय युवाओं की जाए। विशेष भर्ती अभियान चलाकर शासकीय विभागों में अजजा वर्ग के रिक्त पदों को भरा जाए। छग शासन के सभी मंत्रियों के पास अजजा वर्ग के अधिकारी व कर्मचारी को एक विशेष सहायक के पद पर रखा जाए। छग के 33 जिलों में से 11 जिलों में अजजा वर्ग के अफसरों को कलेक्टर व एसपी के पद पर पदस्थ किया जाए। निलंबित कर्मचारियों को बहाल कर उन्हें पदस्थापना किया जाए।

# महिला दिवस पर महिलाओं ने उत्साह के साथ खेल में लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

ब्लॉक मुख्यालय बस्तर के ऑडिटोरियम में महिला एवं बाल विकास विभाग एवं जनपद पंचायत के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को बेटी जन्मोत्सव दिवस थीम के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं बिहान महिला समूह के सदस्यो की उपस्थिति में धूमधाम से मनाया गया।सेल्फी जोन में बालिका के साथ माताएं की सेल्फी लिए गए तस्वीर को मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर जानकारी दी गई। साथ ही मेरी बेटी मेरा अभिमान बेटी के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच पैदा करने के लिए संदेश दिया गया। मेरी बेटी मेरा अभियान के तहत बेटियों का जन्मोत्सव केक काटकर मुँह मीठा करवाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल एवं जनपद सीईओ भानुप्रताप चुरेंद्र की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विभाग की जानकारी दिया गया साथ ही मुख्य अथिति द्वारा उदबोधन में कहा कि आज महिलाएं घर तक सीमित नहीं है बल्कि वह अपने कौशल और मेहनत से समाज की विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। देश की ताकत और समाज की शक्ति है। आज हमारी माताए और बहने घर परिवार खेल, शिक्षा अंतरिक्ष में हर क्षेत्र में पूरी लगन और मेहनत से सफलता की शिखर तक पहुंची है।कार्यक्रम में महिलाओं के द्वारा छोटे बच्चों के साथ सेल्फी जोन में तस्वीर बड़ी संख्या में लिए गए।

## रान सरगीपाल में मितानिन को किया सम्मानित



**जगदलपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (सह आयुष) रान सरगीपाल के आयुष प्रभारी डॉ. यशवंत राय बघेल द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में मितानिनों को श्रीफल एवं शॉल से सम्मानित किया गया। मितानिन श्रीमती रतनी, बुटकी, पालो, सोनमती, सुकलदई एवं ग्रामीण महिलाएं श्रीमती खीरमनी कश्यप, श्रीमती पार्वती नाग को सम्मानित किया। इस अवसर पर स्टॉफ बीआर यादव, हीरालाल सोनबेर, सुरेश सिदार, महादेव नाग, अनिल सिन्हा, मिथिलेश, कल्पना, सपना, मनीता, शिवानी शामिल रहे।

# उल्लास,उमंग और उन्माद का संगम त्रिवेणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- शौर्य भवन में महिला दिवस पर 14 महिलाओं की स्वरलहरियां
- महिलाओ को समर्पित, महिलाओं के द्वारा संचालित यूनिक कार्यक्रम







संस्था त्रिवेणी ने महिला दिवस पर आयोजित अपराजिता कार्यक्रम के माध्यम से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम के यूनिक कांसेप्ट ने महिलाओं में उल्लास,उमंग और उन्माद भर दिया जिसके चलते दर्शकों ने इस पूरे आयोजन को खूब एंजॉय किया।

शौर्य भवन में आयोजित अपराजिता कार्यक्रम में त्रिवेणी संस्था की महिलाओं ने एक से बढ़कर एक बॉलीवुड फिल्मों के गीत पेश किए। 14 गायिकाओं ने 20 महिला पार्श्व गायिकाओं के 21 सोलो व डुएट गीत को बखूबी निभाया और दर्शकों की तालिया बटोरी। रंग जमाके, हम तो सात रंग हैं और मेडली मुखड़े की श्रोताओं ने जमकर तारीफ की। महिलाओं को समर्पित यह कार्यक्रम पूरी तरह महिलाओं द्वारा ही संचालित किया गया यहां तक कि तकनीकी भार भी महिलाओं ने ही संभाला। इस नए प्रयोग को लोगों ने खूब पसंद किया।

कार्यक्रम में अतिथि की आसंदी से बोलते हुए महापौर संजय पांडे ने कहा भारत में बेटियों को महत्व मिले, परिवार और समाज में उनके प्रति जागरूकता बढ़े, संवेदनशीलता बढ़े महिला दिवस पर हमारा एक ही भाव है। महिला शक्ति है, सशक्त है, वो भारत की नारी है, न ज्यादा में कम9 न कम में ज्यादा, वो सब में बराबर की अधिकारी है। महिलाओं के लिए केवल महिलाओं के द्वारा जो कार्यक्रम आयोजित किया गया है वो बेहद गौरव की बात है। इस अवसर पर अपनी असाधारण कार्यक्षमता के साथ लोगो की सेवा में लगी महिलाएं संचालक वन विद्यालय श्रीमती दिव्या गौतम, पुलिस उपअधीक्षक श्रीमती गीतिका साहू, एसडीओ सुश्री वीणा वासनिकर, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सरिता मनोज थॉमस एवं प्राचार्य श्री दंतेश्वरी संगीत महाविद्याल श्रीमती संध्या वैष्णव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की संरक्षक आशा सोनी, संयोजक सुषमा जे नेताम, प्रभारी ऋतु त्रिवेदी एवं व्यवस्थापक रेशमा अली अपनी टीम के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने जी जान से जुटी रहीं।

# कलेक्टर-एसपी पहुंचे धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव व एसपी किरण चव्हाण शुक्रवार को घोर माओवाद प्रभावित क्षेत्र कोंटा के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़क भेज्जी-डब्बाकोंटा के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने लम्बित निर्माण कार्य को लेकर संबंधित ठेकेदार और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से जवाब तलब किया। उन्होंने कहा की जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य पूर्ण करें। सड़क मार्ग निरीक्षण करने के पश्चात वे कलेक्टर एसपी कोंटा पहुंचे। उन्होंने कोन्टा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। हॉस्पिटल में मरीजो को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं सहित उपलब्ध दवाई की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने सहित मरीजों के लिए पर्याप्त मात्रा में दवाइयाँ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## कोंटा विकासखंड में महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम हुए



**कोंटा।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी उत्साह देखा गया। 8 मार्च को मनाए जाने वाले इस एतिहासिक दिवस पर महिलाओं के सामाजिक राजनीतिक और आर्थिक योगदान को पहचानना उनके अधिकारों की रक्षा करने के उद्देश्य तथा महिलाओं के साथ समानता और उनके अधिकारों व संघर्ष को याद दिलाता है । जनपद पंचायत कोण्टा एवं समस्त ग्राम पंचायतों में 8 मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग स्वास्थ्य विभाग मितानिन महिला स्व-सहायता समूह एवं अन्य सभी महिलायें शामिल हुईं । कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को माहवारी स्वच्छता, घरों में निर्मित शौचालयों का उपयोग कर व्यक्तिगत स्वच्छता की जानकारी दी गई।

कोण्डागांव सुपर मार्केट विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 94791-66051
शौकीन हाउस, मेन रोड कोण्डागांव मो.- 9977719190, 7000708887
(इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर्स)
BLUE STAR Whirlpool SAMSUNG SONY Symphony
शौकीन इण्डिया मो.- 94242 96333, 7000708887
हमोर यहाँ सभी कम्पनियों के लेपटॉप, कम्प्यूटर, सीसीटीवी कैमरा, DSLR कैमरा एवं अन्य समान उपलब्ध है।
ACE COMBINE HARVESTER
विशेषताएं
- कृषि विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त
- 100 प्रतिशत स्वदेशी (भारत में बना हुआ)
- लो मेंटेनेंस : कम लागत में ज्यादा काम
धान, मक्का, सोयाबीन, गेंहू, मूंग आदि की कटाई-मिंजाई के लिए।
100% Swadeshi
अग्रिम बुकिंग प्रारंभ
अधिकृत विक्रेता - मे. सांई ट्रेक्टर्स सेल्स स्पेयर्स सर्विस
महालक्ष्मी एन्क्लेव के सामने, सिहावा रोड, धमतरी (छ.ग.) मो. : 7000292192, 9425209243, 9424209243
शाखा : धमतरी रोड, नगरी, जिला-धमतरी
ब्रांच आफिस : जामकोट पारा, मेन रोड, कोण्डागांव

## पति-पत्नि विवाद के चलते डेढ़ साल दूर रहे

# पति-पत्नी वैमनस्यता को दूर कर हुए एक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



परिवार न्यायालय में पति-पत्नि के साथ वैमनस्यता होने से लगभग डेढ़ साल दूर-दूर रहे। शनिवार को आयोजिते नेशनल लोक अदालत में दोनों को समझाईश करने के बाद पति-पत्नि के एक साथ हुए।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नेशनल लोक अदालत में 8 मार्च को परिवार न्यायालय के समक्ष रखे गए प्रकरण में पति-पत्नि के मध्य समझाईश करवाकर प्रकरण का निपटारा किया गया है। आवेदिका एवं अनावेदक का विवाह 6 मई 2018 को सामाजिक रीति-रिवाज के अनुसार संपन्न हुआ था। विवाह के पांच साल में पत्नी एवं पति के दाम्पत्य संबंधों से दो संतान पुत्र नक्ष बघेल एवं पुत्री काव्या बघेल का जन्म हुआ है। उसके बाद पत्नी एवं पति के मध्य आए दिन कलह होने लगा और तब से पत्नी अपने माता-पिता के घर में निवासरत है। अनावेदक द्वारा आवेदक के भरण-पोषण में उपेक्षा किए जाने के कारण पत्नी द्वारा पति के विरूद्ध भरण-पोषण का यह मामला प्रस्तुत किया गया था। नेशनल लोक अदालत में दोनों को समझाईश देने के बाद वैवाहिक जीवन में पति-पत्नि के मध्य पैदा हुई वैमनस्यता को दूर कर एक साथ हुए।

अलग खबर

### पत्नी व पति के मध्य की काउंसलिंग

खण्डपीठ -2 परिवार न्यायालय के पीठासीन अधिकारी ने बताया कि प्रकरण में परिवार न्यायालय जगदलपुर की काऊंसलर श्रीमती सुनीता शुक्ला द्वारा पत्नी एवं पति के मध्य किए गए काउंसलिंग के माध्यम से आवेदिका एवं अनावेदक को उनके मध्य उत्पन्न विवादों को भुलाकर, पति-पत्नि के रूप में साथ रहने के संबंध में समझाईश दी गई। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए एवं उभयपक्षों की सहमति से प्रकरण का नेशनल लोक अदालत में निराकरण करते हुए, पति-पत्नि के मध्य समझाईश स्थापित की गई।

## ट्रैफिक रूल्स फॉलो नहीं करने वाले 3241 चालकों से वसूला गया 19.44 लाख रूपए



**जगदलपुर।** यातायात नियमों की अवहेलना कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। सड़क हादसों में कमी लाने तथा वाहन चालकों को जागरूक करने कई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। बावजूद वाहन चालकों द्वारा नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है इसे देखते हुए पिछले तीन माह में 3241 चालकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में चालानी कार्रवाई करते हुए 19.44 लाख रूपए से अधिक समन शुल्क वसूला गया।

यातायात डीएसपी संतोष जैन ने बताया कि एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने लगातार प्रयास किया जा रहा है। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई के अलावा जागरूक करने समझाईश भी दी जा रही है। इस वर्ष एक जनवरी से अब तक 123 लोगों को ईचालान भेज कर समन शुल्क वसूला गया वहीं मादक पदार्थ का सेवन करने वालों के खिलाफ ड्रंक एंड ड्राईव की धारा 185 के तहत कार्रवाई करते हुए 10-10 हजार रूपए समन शुल्क वसूला गया। सर्वाधिक कार्रवाई बिना हेलमेट व दस्तावेज के दुपहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

## दंतेवाड़ा जेल से फरार होने के बाद वर्दी में चोरी करने वाला शातिर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



पुलिस की वर्दी पहनकर स्वयं को पुलिस बताकर लोगों से वाहन मांग कर फरार होने वाले शातिर आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पूर्व में भी चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया था। इस दौरान वह दंतेवाड़ा जेल से फरार हो गया था और पुलिस की वर्दी पहनकर घटनाओं को अंजाम देता था। ऐसे ही एक मामले में बकावण्ड पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के बाद जेल भेजा।

जानकारी के मुताबिक कोड़ेनार थाना क्षेत्र के ग्राम आरापुर में रहने वाला युवक फर्जी पुलिस बनकर लोगों की मोटरसाइकिल चोरी करने का काम करता था। उसके खिलाफ पूर्व में भी मामला दर्ज था। चोरी के मामले में आरोपी दंतेवाड़ा जेल में बंद भी था। और जेल में रहने के दौरान बीमारी का बहाना बनाकर जेल से फरार हो गया था। जेल से फरार होने के बाद वह घुम-धुम कर चोरी की वारदातो को अंजाम देता था। चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए वह फर्जी पुलिस बनकर लोगो को झासा देकर वाहन चोरी किया करता था।

■ **पुलिस की वर्दी में घुम घुमकर बाईक पार करने वाला निकला शातिर**

चोरी की शिकायत के बाद बकावण्ड पुलिस ने आरोपी राजु नाग 26 वर्ष निवासी बड़ेआरापुर धाकड़पारा थाना कोड़ेनार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की दो बाईक भी बरामद किया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी भानपुरी प्रवीण भारती के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बकावण्ड डोमेन्द्र सिन्हा के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थी लखीधर निवाली तुगांपाल ने बताया कि वह दोपहर में अपनी मोटरसाइकिल को तालाब के पास खड़ी कर खेत में काम करने गया था। इसी दौरान आरोपी राजु नाग मोटरसाइकिल चोरी कर भाग गया। इस मामले की रिपोर्ट थाना बकावंड में दर्ज की गई। एक अन्य घटना में आरोपी ने श्रीपति बघेल निवासी दशापाल मुंडापारा बिजली पावर हाउस में काम करने गया था इसी दौरान आरोपी पुलिस की वर्दी पहने हुए मिला।

## होली में न मुखौटा पहनेंगें और न बजेगा डीजे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

थाना लोहण्डीगुड़ा में रविवार को शांति समिति की बैठक में मुखौटा न पहनने और हाईटेंशन तार के नीचे होली नहीं जलाने की बात पर सहमति बनी। थाना प्रभारी गणेश यादव ने कहा कि डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने मुख्य मार्ग पर किसी को भी जबरन रंग गुलाल न लगाने विशेषकर धर्म विशेष के लोगों के साथ उनकी इच्छा के विरूद्ध रंग नहीं लगाने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि ब्लॉक के किसी भी जगह या गांव में कोई अप्रिय घटना होने पर तुरंत थाने में सूचना देकर सहयोग करें। बैठक में ग्राम के पटेल, कोटवार, युवा और वरिष्ठ नागरिक, व्यापारी तथा नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं थाना प्रभारी के साथ अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा।

## नगरनार में धूमधाम से मनेगा चैत्र मेला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ग्राम पंचायत भवन परिसर नगरनार में रविवार को बैठक में अगले माह 11 अप्रैल से होने वाले चैत्र मेला के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। मेला के सफल संचालन के लिए जिम्मेदारी देकर समितियों का गठन किया गया। ग्राम पंचायत नगरनार के जनप्रतिनिधियों की अगुवाई में हुई बैठक में कोटवार, पटेल, सिरहा, पुजारी समेत पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहें। पदाधिकारियों के गठन में मेला समिति के संरक्षक शंकर बघेल, अध्यक्ष तुलसी सेठिया, उपाध्यक्ष डोमू कश्यप और जलंधर नाग, सचिव रविशंकर दास, सहसचिव मन्नू बघेल तथा कोषाध्यक्ष रैनू बघेल को सर्वसम्मति से मनोनित किया गया।








